आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कोलकाता के अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान आज कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। इस पत्र में मंत्रालय ने प्रवेश, निकासी, गलियारे, तथा संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत चरगांवा ब्लॉक के सभी परिषदीय स्कूलों के लिये रोड टू स्कूल का शुभारम्भ किया। प्रदेश में इस परियोजना के तहत सबसे पहले चरगांवा ब्लॉक का चयन किया गया है। बच्चों का स्कूल में नामांकन तथा उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिये शुरू किये गये इस परियोजना से पहले चरण में अठहत्तर स्कूलों के सत्रह हजार से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे। परियोजना के दूसरे चरण में भटहट ब्लॉक के नब्बे विद्यालयों का चयन किया जायेगा। रोड टू स्कूल परियोजना के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा किसी भी समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के लिये बुनियादी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिये खुद भी ज्ञान के विभिन्न आयामों से अपडेट रखें। रोड टू स्कूल परियोजना औद्योगिक समूह हिन्दुजा के अशोक लीलेण्ड और लर्निंग लिंक फाउंडेशन की पहल है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से आये करीब तीन सौ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्यायें सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जनता दर्शन में जमीन कब्जा करने से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

****

सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी को नौकरशाही में लैट्रल इंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में पैंतालीस संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिवों को नियुक्त करने से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया था। केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को लिखे पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैट्रल इंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धातों विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए।

****

एमबीबीएस और बीडीएस मे प्रवेश के लिये उत्तर प्रदेश स्टेट कोटा की सीटों पर नीट काउंसिलिंग आज से शुरू हो गयी। चौबीस अगस्त तक चलने वाली काउंसिलिंग में पहले दिन छात्र–छात्राओं का पंजीकरण और उनके दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हुयी है। काउंसिलिंग के लिये आज से चौबीस अगस्त तक पंजीकरण और अभिलेखों के अपलोड करने के साथ पंजीकरण और धरोहर धनराशि भी जमा की जायेगी। चौबीस अगस्त को मेरिट सूची जारी होगी और इसके बाद अभ्यर्थी उन्तीस अगस्त तक ऑनलाइन च्वाइस लॉक कर सकेंगे।

****

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से साठ हजार दो सौ चौवालीस पदों पर सिपाहियों की भर्ती के लिये परीक्षा तेइस, चौबीस, पच्चीस, तीस और इकतीस अगस्त को सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से तीन दिन पहले बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड होंगे।

****

प्रदेश के निजी नलकूप चलाने वाले किसान अब मुफ्त बिजली हासिल करने के लिये इकतीस अगस्त तक पंजीकरण कर सकेंगे। पावर कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक ने पंजीकरण की अन्तिम तिथि बढ़ाते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को गांव–गांव में योजना के प्रसार के निर्देश दिये हैं। योजना के तहत उन्हीं किसानों को मुफ्त बिजली मिलेगी जो विभागीय पोर्टल पर अपना पंजीकरण करेंगे और इकतीस मार्च दो हजार तेइस से पहले का बकाया भुगतान कर देंगे।

****

राज्य के पूर्वी और कई पश्चिमी जिलों में आज भोर से ही रूक–रूक कर मध्यम से तेज बारिश हो रही है। बारिश के कारण लोगों को उमस से काफी राहत मिली है। अयोध्या, गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर के कई जिलों में अच्छी बारिश होने के चलते किसानों के चेहरे खिल गये हैं। उधर, वाराणसी में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी शुरू हो गयी है। इससे कई घाट जलमग्न हो गये हैं। प्रशासन ने गंगा तट के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कल भी बारिश का अनुमान जताया है।

****